प्रेषक,

उप शिक्षा निदेशक/उप प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
हापुड़/गाजियाबाद।

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
हापुड़ एवं गाजियाबाद।

पत्रांक– एस0टी0डायट/ 65-73 /2024–25 दिनांक– 12/04/2024

विषय– दीक्षा के प्रचार–प्रसार एवं अधिकाधिक एडॉप्शन के सम्बन्ध में।

महोदय,

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ पत्रांक–महा0नि0/दीक्षा/167/2024–25 दिनांक–09/04/2024 जो मुख्य विकास अधिकारी को प्रेषित तथा अधोहस्ताक्षरी एवं आपके कार्यालय को पृष्ठांकित किया गया है का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके अनुसार दीक्षा पोर्टल पर उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार माह मार्च 2024 में राज्य स्तर पर औसत 14.59 लाख "Content Play" एवं 2.79 लाख "Unique Devices" द्वारा ही दीक्षा का प्रयोग किया जा रहा है, जो मासिक "Content Play" लक्ष्य का केवल 49 प्रतिशत ही है यह संतोषजनक नहीं है। अतः दीक्षा ऐप के अधिकाधिक एडॉप्शन हेतु निम्नवत रणनीति निर्धारित की गयी है, जिसमें विभिन्न स्तरो पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है–

1– **दीक्षा प्रोफाइल अद्यतन करने हेतु निर्देश ।**
2– **प्रचार–प्रसार रणनीति ।**
3– **शिक्षकों के दायित्व ।**
4– **डायट मेण्टर, ए0आर0पी0 एवं एस0आर0जी0 द्वारा सहायोग एवं अनुश्रवण ।**

अतः उक्त दिये गये निर्देशों के क्रम में जारी पत्र की छायाप्रति संलग्न कर इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त के सम्बन्ध में सर्व सम्बन्धित को अवगत कराये तथा आवश्यक प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित करते हुए अपेक्षानुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

साथ ही अनुश्रवण कार्यवाही के अन्तर्गत क्रम संख्या–03 पर अंकित निर्देशों के क्रम में प्राइवेट स्कूल एससोसिएशन की बैठक निर्धारित करना सुनिश्चित करें। जिसमें निजी विद्यालयों को दीक्षा ऐप के प्रयोग को समझाने हेतु 'इंटरैटिव सत्र' का आयोजन किया जाए, तथा बैठक के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

संलग्न–पत्र की छायाप्रति।

12/04/24

(जितेन्द्र कुमार)
उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
हापुड़/गाजियाबाद।

पत्रांक— एस0टी0डायट / 65-73 /2024—25 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि— निम्नांकित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निर्देशक कार्यालय समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज,लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2— जिलाधिकारी महोदय, हापुड़ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

3— जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

4— मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

5— मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

6— समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी हापुड़/गाजियाबाद।

7— गार्ड फाईल डायट, समस्त डायट मेंटर को सूचनार्थ प्रेषित।

12/04/24.

उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
हापुड़/गाजियाबाद।